हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अगस्त 2024, समय 1810

समाचार

- कल देशभर में पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय अंतरिक्ष देवास के मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी
- निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विभिन्न पर्यवेक्षकों की बैठक ली

  कहा - दोनों राज्यों में चुनाव निष्पक्ष तरीके से होंगे।
- हरियाणा पुलिस ने चुनाव सम्बन्धी गतिविधियों की निगरानी के लिए पंचकूला पुलिस मुख्यालय में चुनाव प्रकोष्ठ स्थापित किया है।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कलायत में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में कांग्रेस की जमकर आलोचना की ।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और नैनीताल के कुमाऊं विश्वविद्यालय के बीच प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में शोध के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

---

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस-2024 कल देशभर में मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इस दिन चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी। इस वर्ष के उत्सव का विषय है - चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष

गाथा। यह विषय समाज और प्रौद्योगिकी पर अंतरिक्ष अन्वेषण के गहन प्रभाव पर जोर देता है। कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस न केवल उत्सव का दिन है, बल्कि परावर्तन, आत्मनिरीक्षण और भविष्य के रेखांकन का भी दिन है। उन्होंने कहा कि अगले दस वर्ष में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था पांच गुना बढ़कर लगभग 44 अरब डॉलर हो जाएगी।राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में पिछले एक महीने में देश भर में एक हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में भारतीय अंतरिक्ष हेकाथॉन और इसरो रोबोटिक्स चेलेंज का भी आयोजन किया गया।

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विभिन्न पर्यवेक्षकों की बैठक आज नई दिल्ली में हुई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू ने दोनों राज्यों में मतदान पर पर्यवेक्षकों को संबोधित किया।बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि आयोग ने पर्यवेक्षकों को उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के लिए क्षेत्र में मौजूद रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों में चुनाव निष्पक्ष तरीके से होंगे। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर जम्मू-कश्मीर के लोगों में उत्साह है।

हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण □ंग से संपन्न करवाने के लिए पंचकूला पुलिस मुख्यालय में चुनाव प्रकोष्ठ स्थापित किया है।पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि चुनाव प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश में चुनाव संबंधी कई महत्वपूर्ण

गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, संजय कुमार को प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है जबकि निरीक्षण के लिए राज्य पुलिस नोडल अधिकारी के रूप में पुलिस महानिरीक्षक सौरभ सिंह को तैनात किया गया है। चुनावी खर्च की निगरानी तथा कानून एवं व्यवस्था संबंधी रिपोर्ट के लिए पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था हरदीप दून नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा, प्रदेश के सभी जिलों में उप पुलिस अधीक्षक तथा सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो रोजाना प्रकोष्ठ में निर्धारित बिंदुओं बारे अपने जिलों की रिपोर्ट भेजेंगे। श्री कपूर ने बताया कि चुनाव प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रकोष्ठ द्वारा पुलिस बल की उपलब्धता तथा उसकी तैनाती तथा इससे संबंधित मुद्दों को लेकर भी जिलों से तालमेल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रदेश में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जटिल बूथों की पहचान करते हुए वहां पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती का निर्णय भी लिया जाएगा। यह प्रकोष्ठ सभी दिन 24 घंटे संचालित रहेगा।

...........................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैथल जिले के कलायत विधानसभा में महारा हरियाणा-नॉन-स्टॉप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली के दौरान कांग्रेस पर जोरदार प्रहार किए । कलायत की विधायक कमलेश □ांडा द्वारा आयोजित रैली में नायब सिंह ने कहा कि भूपेन्द्र हुड्डा हमारा हिसाब मांग रहे हैं लेकिन हुड्डा के 10 साल के कार्यकाल के एक-एक मिनट का हिसाब उनके पास है कि तब किस तरह अनुसूचित जाति के

लोगों के घरों को जलाया गया, किस तरह युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया, पंजाबियों पर अत्याचार किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि हुड्डा राज में भोले-भाले किसानों की जमीनों को कौड़ियों के भाव हड़प गया और उल्टा किसानों पर ही मामले दर्ज करवाए गए।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबी समाज ने अपने खून से इस देश को सींचा है लेकिन कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके पुत्र पंजाबी समाज के बारे में कहते हैं कि ये हमारी संस्कृति से मेल नहीं खाते। श्री सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने पंजाबियों को बाहरी बता कर उनका अपमान किया है।मुख्यमंत्री ने भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पर जनता को बरगलाने का आरोप भी लगाया । मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जिस तरह मिशन मोड़ में काम करके युवाओं को नौकरी, किसानों के खाते में रुपये, सौर पैनल, 100-100 गज के प्लॉट दिए हैं, उस तरह का काम हुड्डा ने अपने 10 साल के कार्यकाल में नहीं किया।मुख्यमंत्री ने उनके द्वारा किए गए सभी कार्यों से भी जनता को अवगत करवाया। उन्होंने कलायत हलके में हुए विकास कार्यों को भी सिलसिलेवार गिनवाया। रैली को सांसद नवीन जिंदल, विधायक कमलेश □ांडा, जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने भी संबोधित किया।

........................................................................................

आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के बीच प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में शोध के लिए एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की परियोजना के अंतर्गत किया गया। विश्वविद्यालय प्रवक्ता ने बताया कि समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं शोधार्थी शोध

के विषय में नई संभावनाओं के ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे।उन्होंने कहा कि इससे प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में जहां शोध के नए आयाम स्थापित होंगे वहीं पर दूसरी ओर प्लास्टिक कचरे को रीसाइक्लिंग करके प्रदूषण की समस्या दूर किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के हिमालयन स्टडीज मिशन के तहत इस परियोजना के लिए 1 करोड़ 90 करोड़ की निधि प्रदान की गई है।

..........................................................................................

दो बार के ओलिम्पिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा आज रात स्विट्जरलैंड में प्रतिष्ठित लुसाने डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेंगे। 26 वर्षीय नीरज चोपडा पेरिस ओलिम्पिक 2024 में रजत पदक जीतने के बाद इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।पेरिस ओलिम्पिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम इस आयोजन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स और तोक्यो ओलिम्पिक के रजत पदक विजेता जैकब वडलेज भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

..........................................................................................

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय आज एमए अर्थशास्त्र के दूसरे व चौथे सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया । एमए अर्थशास्त्र में पानीपत के आर्य कॉलेज की छात्रा नैंशी बजाज ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में पहला स्थान हासिल किया है ।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि

एमए अर्थशास्त्र में महाविद्यालय की 8 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। छात्रा नैंशी बजाज ने 1584 अंक लेकर सूची में पहला स्थान, छात्रा श्रुति ने 1577 अंक लेकर दूसरा स्थान, छात्रा खुशबू ने 1539 अंक लेकर चौथा स्थान व छात्रा किन्नू ने 1456 अंक लेकर नौवां स्थान हासिल किया ।दूसरे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कॉलेज की छात्रा रितिका देवी 393 अंक लेकर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में चौथे स्थान पर रही ।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृत्ति योजना परीक्षा का आयोजन 17 नवंबर को किया जाएगा। इस परीक्षा हेतु 10 अक्तूबर तक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और गुरुग्राम स्थित राज्य शिक्षा, शोध एंव प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।भिवानी में शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. वी पी यादव ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से प्रदेशभर से 2337 पात्र विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी ।डा. यादव ने बताया कि परीक्षा हेतु वहीं विद्यार्थी पात्र होंगे, जो राज्य के सरकारी या अनुदान प्राप्त विद्यालयों में आठवीं कक्षा में पढ़ रहे हों तथा उन्होंने सातवीं कक्षा की परीक्षा पिछले वर्ष सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण की हो।

पलवल के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव मेनका सिंह ने बताया कि आगामी 14 सितंबर को इस वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया

जाएगा। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली के मामले , श्रमिकों के मामले , बिजली व पानी बिल संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक, दुर्घटना संबंधी और भूमि अधिग्रहण के मामले तथा अदालत में लंबित मामलों का निपटान किया जाएगा।